## 08-03-2021

# जन औषधि दिवस

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. प्रतिवर्ष 7 मार्च को जन औषधि दिवस के रूप में मनाया जाता है।
2. सितंबर 2015 में 'जन औषधि योजना' का नाम बदलकर प्रधानमंत्री जनऔषधि योजना (PMJAY) कर दिया गया।
3. यह योजना 2008 में यूपीए सरकार द्वारा शुरू की गई थी।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03
(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

**(D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** :- हाल ही में 07 मार्च को जन औषधि दिवस के रूप में मनाया गया। इस दिवस को प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि योजना की उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए मनाया गया।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु** :-

- जन औषधि केन्द्र यह केन्द्र दुनिया में सबसे बड़ी खुदरा फार्मा श्रृंखला है। यह केन्द्र 700 जिलों में फैले हुए है। भारत में ऐसे 6,200 से अधिक केन्द्र है।
- वर्ष 2019-20 में इन आउट्लेटस पर कुल ब्रिकी 390 करोड़ रूपये से अधिक थी इसमें आम लोगों की 2,200 करोड़ रूपये की बचत हुई। उपरोक्त लाभों के अलावा ये केन्द्र स्व-रोजगार के अच्छे स्त्रोत है।
- प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना को फार्मास्युटिकल विभाग सस्ती कीमतों पर गुणवत्ता वाली दवाइंया प्रदान करने के लिए शुरू किया गया था।
- इस योजना के तहत प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केन्द्र नाम से विशेष केन्द्र स्थापित किए गए है, ताकि कम कीमत पर जेनेरिक दवाएँ उपलब्ध कराई जा सके।
- इन जेनेरिक दवाओं की खरीद ब्यूरो ऑफ फार्मा पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग्स ऑफ इंडिया (BPPI) द्वारा की जाती है, जिसे सभी CPSU के समर्थन से फार्मास्युटिकल्स विभाग के तहत स्थापित किया गया है।
- यह योजना वर्ष 2008 में यूपीए सरकार द्वारा शुरू की गई थी। वर्ष 2015 में इस योजना को भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा फिर से शुरू किया गया था।
- यह अभियान देश में जन औषधि मेडिकल स्टोर के माध्यम से जेनेरिक दवाओं की ब्रिकी द्वारा किया गया था।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- सितंबर 2015 में जन औषधि योजना का नाम बदलकर प्रधानमंत्री जनऔषधि योजना PMJAY कर दिया था। इसे नवंबर 2016 में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि योजना कर दिया गया।

## फूट वेस्ट इंडेक्स रिपोर्ट-2021

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम और WRAP द्वारा फूड वेस्ट इंडेक्स रिपोर्ट-2021 निर्मित किया गया है।
2. फूड वेस्ट इंडेक्स रिपोर्ट को प्रकाशित करने का लक्ष्य एसडीजी के 12.3 के लक्ष्य का समर्थन करना है।
3. घरों, रेस्तरा और दुकानों में उपयोग के दौरान पूरे विश्व में प्रतिवर्ष 17 फीसद खाद्य उत्पादन लगभग 930 मिलियन टन बर्बाद हो जाता है।
4. वर्ष 2019 में बेचे गए 930 मिलियन टन से अधिक खाद्य पदार्थो को कूडेदान में डंप कर दिया गया।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 03 और 04 (D) उपरोक्त सभी

**(D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** :- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण (UNEP) और WRAP ने फूड वेस्ट इंडेक्स रिपोर्ट-2021 प्रकाशित किया। इस रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में 2019 में अनुमानित 930 मिलियन टन भोजन बर्बाद हुआ।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु** :-

- फूड वेस्ट इंडेक्स रिपोर्ट 2021 के निष्कर्षो से यह तथ्य सामने आया है, कि घरों, रेस्तरा और दुकानों में बड़ी मात्रा में खाद्य पदार्थो को बर्बाद किया जाता है, जिसकी समग्र खाद्य पदार्थो में हिस्सेदारी लगभग 17 प्रतिशत है।
- फूड वेस्ट इंडेक्स रिपोर्ट को प्रकाशित करने का लक्ष्य एसडीजी के 12.3 के लक्ष्य का समर्थन करना है।
- खेतों और आपूर्ति श्रृंखला में होने वाले खाद्य नुकसान को मिलाने पर यह तथ्य सामने आता है, दुनिया में एक तिहाई भोजन कभी खाया नही जाता है।
- वर्ष 2019 में बेचे गए 930 मिलियन टन से अधिक खाद्य पदार्थो को कुडादान में डंप कर दिया गया।
- अध्ययन में यह पाया गया कि आपूर्ति श्रृंखला के दौरान घरों में 11 प्रतिशत भोजन की बर्बादी हुई तो वही खाद्य सेवाओं और खुदरा दुकानों में क्रमशः बर्बादी का यह स्तर 5 प्रतिशत और 2 प्रतिशत रहा।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- भारत में घरों में बर्बाद होने वाले भोजन की मात्रा प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष 50 किलोग्राम है।
- अमेरिका में घरों में बर्बाद होने वाले भोजन की मात्रा प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष 59 किलोग्राम है तो यही चीन में यह यात्रा प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष 64 किलोग्राम है।
- विशेषज्ञों के अनुसार ऐसे खाद्य पदार्थो जिनका सेवन किया जाता है, जो अर्थात बर्बाद हो जाते है, जिनका वैश्विक ग्रीन हाउस उत्सर्जन में हिस्सा 8 से 10 प्रतिशत के बीच होता है।

## 'रेड राइस'

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. आयरन से समृद्ध लाल चावल को असम की ब्रह्मपुत्र घाटीओं में बिना किसी रासायनिक खाद के प्रयोग के उगाया जाता है।
2. असम में चावल की इस किस्म को 'बाओ-धान' कहा जाता है, जो कि असमिया भोजन का एक अभिन्न अंग है।
3. रेड राइस में एंथोसाइनिन नामक पदार्थे होता है, जिसके कारण यह लाल रंग का दिखता है।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03
(C) 03 और 04 (D) उपरोक्त सभी

**(D) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** :- हाल ही में असम के लाल चावल या रेड राइस की पहली खेप संयुक्त राज्य अमेरिका USA के लिये रवाना की गई।

**परीक्षा उपयोगी बिन्दु** :-

- आयरन से समृद्ध लाल चावल को असम की ब्रह्मपुत्र घाटी में बिना किसी रासायनिक खाद के प्रयोग के उगाया जाता है।
- असम में चावल की इस किस्म को बाओ-धान कहा जाता है, जो कि असमिया भोजन का एक अभिन्न अंग है।
- बाओ-धान या रेड राइस के निर्यात में बढ़ोतरी होने से असम के विभिन्न के किसान परिवारों की आय में वृद्धि करने में मदद मिलेगी।
- रेड राइस में एंथोसाइनिन नामक पदार्थो होता है, जिसके कारण यह लाल रंग का दिखता है।
- कई अध्ययनो में यह बात सामने आई है, कि रेड राइस खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने और दिल को स्वस्थ रखने में मदद कर सकता है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- ज्ञात हो कि बीते दिनों भारत सरकार ने कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद नियति विकास प्राधिकरण APEDA के तत्वाधान में चावल के निर्यात को बढ़ावा देने के लिये चावल निर्यात संवर्द्धन मंच REPF की स्थापना की थी।
- कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण APEDA वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन कार्य करता है, और इसका प्राथमिक उद्देश्य निर्यात के लिये अनुसूचित उत्पादों से संबंधित उद्योगों के विकास को बढ़ावा देना है।

□□□□□

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS